# 84 मजदूरों का पलायन रोका






मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की छात्रा कु. सुषमा मरावी ने शासकीय योजनाओं पर आधारित असाईनमेंट करते हुए पाया कि मजदूरों को ग्राम केंटाटोला जिला बालाघाट (म.प्र.) में एक वर्ष रोजगार गारंटी का काम नहीं मिला है। लोग पलायन कर रहे थे, लोग यह नहीं जानते थे कि वे स्वयं काम की मांग करें तो शासन को उन्हें 5 दिवस के भीतर काम देना होगा। छात्रा ने इस विषय पर लोगों को जानकारी दी और रोजगार हेतु लोगों से आवेदन कराया। परिणाम स्वरूप 84 मजदूरों को तालाब निर्माण का काम मिला और पलायन रूका।

# राष्ट्रीय पटल पर सी.एम.सी.एल.डी.पी. की छात्रा

ग्रामोदय से भारत उदय अभियान अंतर्गत विजयवाड़ा, आंध्रप्रदेश में मान. प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में आदिवासी महिला सरपंचों के आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बी.एस.डब्लू. छात्रा एवं ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती रंजिता इवनाती को उनके द्वारा उनकी पंचायत में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। श्रीमति इवनाती के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत अपनी पंचायत में महिलाओं को विशेष रूप से प्रेरित कर 350 शौचालयों का निर्माण कराया गया एवं निरंतर महिला सशक्तिकरण हेतु किये जाने वाले उनके प्रयासों के कारण उन्हें 19 अप्रैल 2016 को उक्त राष्ट्रीय आयोजन में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ।